एक नजर

लटकता मिला किशोरी का शव

महमूदाबाद (सीतापुर)। महमूदाबाद के कलुवापुर में गांव से बाहर आम की बाग में किशोरी का शव लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। कलुवापुर की शालू (17) पुत्र जयसिंह रविवार की सुबह शौच के लिए निकली थी, तब से लापता हो गई। पूरा दिन परिजन खोजबीन करते रहे। शाम को शालू का शव गांव के बाहर बाबू की आम की बाग में पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। कोतवाल सत्येंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

महिला की हत्या के मामले में आरोपी अरेस्ट

महमूदाबाद (सीतापुर)। रामपुर कलां के बगराभारी गांव में महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर नामित आरोपी गांव के ही रंगीलाल पुत्र रामस्वरूप को पुलिस ने घटना के 72 घंटे के भीतर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। रंगीलाल के पास से एक तमंचा तथा दो जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं। पांच नवंबर को बगराभारी के संतराम की 35 वर्षीय पत्नी अनीता की भाला घोंपकर हत्या कर दी गई थी। मामले में रामपुर कलां थाने में गांव के ही हिस्ट्रीशीटर बदमाश रंगीलाल के खिलाफहत्या का केस दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए निर्देश देते हुए उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। क्षेत्राधिकारी सिधौली वेद प्रकाश श्रीवास्तव के नेतृत्व में रामपुर कलां पुलिस ने नौ नवंबर को जामनगर-बेधौरा रेलवे पुलिया के पास मुठभेड़ के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि रंगीलाल रामपुरकलां का हिस्ट्रीशीटर है। उसके विरुद्ध लूट, चोरी, आबकारी अधिनियम और आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में कुल 15 मुकदमे दर्ज हैं।

धूमधाम से मनाया गया निर्वाण महोत्सव

महमूदाबाद (सीतापुर)। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव व जैन नववर्ष स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। आर्यिका 105 विविक्त श्री माता जी के सानिध्य में सभी ने प्रात:काल पूजन के उपरांत श्रीजी के जोरदार जयकारे लगाये। महमूदाबाद स्थित दिगम्बर जैन मंदिर को आकर्षक लाइटों और दीयों से सजाया गया। प्रात:काल पांच बजे से ही भक्तों का पहुँचना शुरू हो गया। श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा और नित नियम पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुए। पारंपरिक वेशभूषा में पहुँचे भक्तों ने दीप जलाकर और लाडू चढ़ाकर भगवान की पूजा की। भगवान महावीर को निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य राजेश जैन, शाश्वत जैन परिवार को मिला। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान को निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। सभी ने जोरदार जयकारे लगाकर मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर अभिषेक जैन, नेमीचंद जैन आदि उपस्थित रहे।

मृत मिले कौवे, गांव में दहशत

महमूदाबाद (सीतापुर)। सदरपुर के हरैय्या में मंगलवार सुबह खेतों और आसपास के इलाके में बड़ी संख्या में कौए मृत पड़े मिले। करीब एक सैकड़ा कौओं की मौत की खबर फैलते ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में पक्षियों की मौत ने लोगों को चिंता में डाल दिया है। ग्रामीणों ने किसी संक्रामक बीमारी के फैलने की आशंका जताई है। हरैय्या के संकटा प्रसाद ने बताया कि मौके पर दो दर्जन से अधिक मृत कौओं को ग्रामीणों ने एकत्र कर लिया है। उन्हें जमीन में दफ्ना दिया गया है। घटना की सूचना पर डायल 112 पुलिस टीम के आरक्षी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली। कुछ कौए लड़खड़ाते हुए उड़ते भी दिखाई दिए। इससे आशंका जताई जा रही है कि कई अन्य कौए भी बीमारी की चपेट में हो सकते हैं। ग्रामीणों ने मामले की जांच कराकर कौओं की मौत का कारण पता लगाने तथा आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

हड़ताल का अल्टीमेटम

महमूदाबाद सीतापुर। बीते दिनों कस्बे के वरिष्ठ सर्राफ कारोबारी के साथ हुई मारपीट और मिर्ची पाउडर झोंके जाने के मामले में सर्राफा एसोसिएशन ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। आरोपियों पर उचित कार्यवाही न होने पर आगे की रणनीति पर भी एसोसिशन विचार करेगा। बीते पांच नवंबर को बजाजा बाजार स्थित एक गली में कूड़ा डालने को लेकर विवाद हो गया। सरावगी टोला निवासी संतोष यज्ञसेनी द्वारा शैलेन्द्र रस्तोगी की दुकान के सामने गली में लगातार कूड़ा डालने के साथ दुकान के सामने गली में ही लघुशंका की जा रही थी। शैलेन्द्र ने इस पर विरोध दर्ज कराया तो संतोष और उनके पुत्र मारपीट पर अमादा हो गए। बीच बचाव करने पहुंचे वरिष्ठ सर्राफ व्यापारी मुकुंदी लाल रस्तोगी को भी धक्का देकर गिरा दिया गया जिसका वीडियो सीसीटीवी में कैद हुआ। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। सर्राफा एसोसिएशन ने मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए घटना पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शैलेंद्र रस्तोगी ने कहा कि संतोष और उसका परिवार दबंग किस्म का है। खुले में पेशाब करके अश्लील हरकतें करना और विरोध करने पर मारपीट और गाली गलौच करना काम है। पूर्व में भी कई वारदात हो चुकी हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष चन्द्रकांत रस्तोगी ने बताया कि घटना बेहद निंदनीय है। वरिष्ठ सर्राफा करोबारी के साथ मारपीट और धक्का देने का काम किया गया है। अगर आरोपियों पर ठोस कार्यवाही नहीं होती है तो दुकान बंद कर हड़ताल करने को बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान सुजीत रस्तोगी, राहुल जायसवाल, मुकुंदी लाल रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

अन्नकूट महोत्सव में दर्शन भवन जानकीघाट पर सजा छप्पन भोग, महंत डॉ. ममता शास्त्री ने की प्रभु श्रीराम की आराधना

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दर्शन भवन जानकीघाट में भी विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। मंदिर में भगवान के समक्ष छप्पन भोग के विविध व्यंजनों का भव्य प्रसाद सजाया गया। महंत डॉ. ममता शास्त्री के सानिध्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती संपन्न हुई।इस दौरान केसरिया खीर, मालपुआ, पूड़ी, कचौड़ी, पंचमेवा सहित विभिन्न प्रकार के पकवान भगवान को अर्पित किए गए। महंत डॉ. ममता शास्त्री ने अन्नकूट महोत्सव के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भगवान के प्रति अटूट श्रद्धा, समर्पण और भक्तों की सेवा भावना का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमारी सनातन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का माध्यम हैं।महोत्सव के दौरान दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा। पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं में भगवान का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान रहा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

करतलिया बाबा आश्रम में धूमधाम से मनाया गया अन्नकूट महोत्सव

अयोध्या धाम। श्री करतलिया बाबा आश्रम, अयोध्या धाम स्थित संत शिरोमणि करतलिया बाबा की पावन तपोभूमि पर भव्य अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बाल योगी महंत रामदास जी महाराज के संयोजन में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में भगवान ठाकुर जी को विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके बाद उपस्थित संत-महंतों और श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी के दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। भगवान के भव्य श्रृंगार, छप्पन भोग के दर्शन और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए अयोध्या धाम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान ठाकुर जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के अयोध्या विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय 'पवन' विशेष रूप से शामिल हुए। आश्रम पहुंचकर ठाकुर जी के दर्शन-पूजन किए और संत-महंतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने धार्मिक आयोजनों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और सामाजिक एकता का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।महोत्सव में मेयर प्रत्याशी रहे आशीष पांडेय 'दीपू', चौधरी बलराम यादव, लड्डू लाल यादव, श्रीचंद यादव, सूर्यकांत पांडेय, डॉ. अनुराग, भूपेंद्र पांडेय, अखिलेश पांडेय, राजू त्रिपाठी, महंत दिलीप दास महाराज, लाल कोठी के पूज्य महंत महाराज सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सनातन धर्म सभा द्वारा मनाया गया दीपोत्सव कार्यक्रम



बिसवां नगर (सीतापुर)। अपनी साहित्यिक और धार्मिक गतिविधियों के लिए चर्चित संस्था सनातन धर्म सभा द्वारा दीपावली और गोवर्धन पूजा के उपलक्ष्य में बिसवां के मोहल्ला बदालपुरवा स्थित शिव मंदिर परिसर में एक दीपोत्सव कार्यक्रम और कवि गोष्ठी का आयोजन डाक्टर श्रीमती सरला अवस्थी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वयोवृद्ध शिक्षक और साहित्यकार भगवत शरण श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि डाक्टर रामकुमार रसिक और साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु और मुख्य वक्ता के रूप में रामपाल त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन धर्मेन्द्र त्रिपाठी धवल ने किया। कार्यक्रम में बाराबंकी से पधारे कवि संदीप अनुरागी, कलाकुंज भारती पत्रिका के संपादक पद्मकांत शर्मा प्रभात, अवधी कवि अरुण गंवार, दिव्या वर्मा, अनुभव मौर्य, शिवानंद दीक्षित, घनश्याम शर्मा, रजनीकांत दीक्षित, राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष आनंद खत्री, अरविन्द त्रिपाठी, ने अपने काव्यपाठ से श्रोताओं को मंतमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी और लोकतंत्र सेनानी शिवकुमार खेतान के नागरिक अभिनंदन के साथ कई अन्य वरिष्ठ कवियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व मंदिर परिसर में दीप प्रज्वलन किया गया। अन्त में कार्यक्रम आयोजक समाजसेवी दिनेश गुप्ता के द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया और जलपान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

महिला हत्याकांड का हिस्ट्रीशीटर आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

पहला (सीतापुर)। थाना रामपुर कलां क्षेत्र के बगराभारी गांव में गत दिनों महिला की हत्या के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर रंगीलाल पुत्र राम स्वरूप को पुलिस ने 72 घंटे के भीतर जामनगर-बेधौरा रेलवे पुलिया के पास से मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया।

उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा और दो खोखा कारतूस बरामद हुए हैं।

पुलिस के मुताबिक, 5 नवंबर को बगराभारी निवासी अनीता 35 पत्नी संतराम की हत्या हुई थी। मामले में रामपुर कलां थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

शराब पीकर सात लोगों ने जमकर पीटा

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में सोमवार रात करीब 9 बजे विवाद के दौरान एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। परिजन घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के छतौना निवासी 50 वर्षीय गया प्रसाद का गांव के ही विपक्षी रामू से शराब पीने के बाद आपसी कहासुनी के बाद किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और मारपीट शुरू हो गई। रामू पक्ष की तरफसे करीब 7 लोगों ने मिलकर गया प्रसाद को गांव में इस कदर पीटा गया कि वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। उसकी हालत बिगड़ती देख परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के तीन बेटियां और 4 बेटे है। घर में मातम पसरा हुआ है।

वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी।

ट्रैक्टर पलटने से किसान की मौत

पहला (सीतापुर)। थाना सदरपुर क्षेत्र अंतर्गत एक ग्राम मे रविवार रात खेत पर धान भरने जा रहे किसान का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर एक तरफ खाई में पलटी गया। जिसके चलते उस पर ट्रैक्टर की छतरी के नीचे किसान द्वारा और गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों तत्काल ही एच सी पहला ले जाया गया जहां उपस्थित डाक्टरो में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में रेफ र कर दिया।

महिलाओं को सिखाए गये आत्मरक्षा के गुर



बिसवां नगर (सीतापुर)। थाना रामपुर कलां पुलिस द्वारा क्षेत्र के गाँव शंकरपुर में राकेश कश्यप के आवास पर मिशन सशक्तिकरण के तहत महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें थाना रामपुर कलां की महिला आरक्षी रचना पाल के द्वारा बताया गया कि बाल अपराध होने पर 1098, किसी भी प्रकार की आपातकालीन पुलिस सहायता के लिए 112, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 102, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के लिए 1076 नम्बर डायल करना चाहिए। वही पर महिलाओं के साथ होने वाले घरेलू हिंसा, और योन अपराधों के लिए 1090 डायल करने पर तुरन्त पुलिस सहायता प्राप्त होगी। इस अवसर पर रामपुर कलां पुलिस की आरक्षी अनामिका पाल, आरक्षी मनोज कुमार और सब इंस्पेक्टर कृष्णानंद के साथ गाँव की महिलाओं में आशा संगिनी निशा सिंह, ममता, आकांक्षा, आराधना, अनन्या, सुमन सिंह, रुचि, प्रीति, अर्पिता, तुलसी, प्रिया, मोहिनी, अंजली, रोहिणी रामलली, पूनम, के साथ तमाम महिलाएं भी उपस्थित रही।

तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, युवक की मौत

सीतापुर। कोतवाली नगर क्षेत्र में सोमवार मध्यरात्रि तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में इलाजसा के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद कार सवार लोग वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने कार और बाइक कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नगर क्षेत्र के सदर बाजार गांव का रहने वाला वीरू 23 पुत्र विनोद सोमवार रात घर से बाइक लेकर बस स्टॉप पर कुछ सामान लेने गया था। सोमवार मध्यरात्रि करीब 12.30 बजे वह बस स्टॉप के पास पहुंचा ही था कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वीरू बाइक समेत सड़क पर गिरकर काफी दूर जा उछला। हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। आरोप है कि कार सवार लोग घायल युवक को अस्पताल पहुंचाने के बजाय कार मौके पर छोड़कर फरार हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वीरू को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया। हालांकि मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटनास्थल से कार और क्षतिग्रस्त बाइक को भी कब्जे में ले लिया है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 7 बजे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के दौरान युवक अपनी ससुराल जा रहा था। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम हुमायू निवासी 30 वर्षीय जयराम पुत्र शिवकुमार मंगलवार सुबह बाइक से अपनी ससुराल महोली जा रहा था।

गोवर्धन पूजा, 97 गोवंशों की पूजा, गौशाला संचालन की जिम्मेदारी संस्था को सौंपी

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। गोवर्धन पूजा के पावन पर्व पर विकासखंड बनीकोडर की ग्राम पंचायत सनौली में गौसेवा का आयोजन किया गया। विधि-विधान से गोवंशों की पूजा-अर्चना के बाद सनौली स्थित गौशाला के संचालन की जिम्मेदारी अवध समाज सेवा संस्थान को सौंप दी गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा और भाजपा नेता जवाहरलाल वर्मा ने गौशाला में मौजूद करीब 97 गोवंशों को फूल-मालाएं पहनाई और गुड़, केला, लड्डू व हरा चारा खिलाया। इस दौरान गौ माता के जयकारों से परिसर गूंज उठा। डॉक्टरों की टीम ने गोवंशों के स्वास्थ्य की जांच भी की।वक्ताओं ने कहा कि गौशाला के संचालन की जिम्मेदारी संस्था को मिलने से गोवंशों की देखभाल, चारा-पानी और चिकित्सा व्यवस्था बेहतर होगी।



कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष नीरज सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ उर्फ गुड्डू वर्मा, कंधईपुर प्रधान आशीष मिश्रा, देशराज सिंह, शिव प्रताप सिंह और मोनू तिवारी सहित क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने गोवंशों की सेवा और संरक्षण का संकल्प लिया।

दीपोत्सव कार्यक्रम संपन्न, 1100 दीपों से जगमगाया परिसर



अयोध्या। बारून बाजार स्थित ओ.एन. एकेडमी विद्यालय में दीपावली के पावन पर्व पर भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर 1100 दीप प्रज्वलित कर प्रकाश पर्व मनाया गया। दीपों की मनमोहक रोशनी से पूरा विद्यालय परिसर जगमगा उठा।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच आकर्षक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा एवं कल्पना शीलता का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न रंग-बिरंगी रंगोलियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे विद्यार्थियों में उत्साह एवं प्रतिस्पर्धा की भावना देखने को मिली।दीपोत्सव कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं त्योहारों के महत्व से विद्यार्थियों को परिचित कराना तथा समाज में प्रेम, सद्भाव, एकता एवं सकारात्मकता का संदेश देना रहा। दीप प्रज्वलन के माध्यम से अंधकार पर प्रकाश तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के संयोजक मिथिलेश मिश्रा, अवंतिका श्रीवास्तव, मुस्कान, दीक्षा एवं पियूष अरुण सहित विद्यालय के सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। अभिभावकों ने बच्चों की प्रतिभा एवं विद्यालय की इस पहल की सराहना की। विद्यालय प्रबंधक एवं अधिवक्ता धर्मपाल पाण्डेय ने दीपोत्सव के आयोजन को भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों से जोड़ने वाला सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देते हैं।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। दीपोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास, उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

एक नजर

दीपावली से गोवर्धन पूजा तक रोशनी और उल्लास में डूबा बाराबंकी, ग्रामीण अंचलों में भी दिखी पर्व की धूम

बाराबंकी। जनपद में दीपावली से लेकर गोवर्धन पूजा तक पर्वों की धूम रही। घरों, प्रतिष्ठानों और बाजारों में रोशनी की आकर्षक सजावट ने उत्सव का माहौल बना दिया। शाम ढलते ही पूरा जनपद दीपों और रंग-बिरंगी झालरों से जगमगा उठा। लोगों ने घरों, दुकानों और कार्यालयों को आकर्षक विद्युत झालरों से सजाकर विधि-विधान से भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना की तथा सुख-समृद्धि की कामना की।

मसौली, बांसा, सआदतगंज, रामपुर, बड़ागांव, सफदरगंज, रसौली और त्रिलोकपुर सहित ग्रामीण अंचलों में भी दीपावली का त्योहार उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। किसानों ने खेतों की कोनियों में आग जलाकर धरती माता से अच्छी उपज की कामना की। वहीं, लोगों ने मित्रों और रिश्तेदारों के घर पहुंचकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और दीपावली की शुभकामनाएं दीं।देर रात तक आतिशबाजी और खुशियों का सिलसिला चलता रहा। जनपद के प्रमुख तीर्थस्थलों और धार्मिक स्थलों पर भी प्रकाश पर्व की अनुपम छटा देखने को मिली। दीपावली के बाद गोवर्धन पूजा का पर्व भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। घरों में गोवर्धन पूजा कर लोगों ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। लगातार त्योहारों के आयोजन से पूरे जनपद में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।

दीपावली!22 वर्षीय परंपरा, दीपावली पर दौलतपुर में भव्य जागरण और भंडारा

निंदूरा, बाराबंकी। विकासखंड निंदूरा की ग्राम पंचायत बिसई के दौलतपुर गांव में दीपावली के दूसरे दिन मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और कार्तिकेय के सम्मान में भव्य जागरण का आयोजन किया गया। सोमवार रात आयोजित जागरण में कलाकारों ने देवी-देवताओं के भक्ति गीत प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भजनों की धुन पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और पूरा गांव भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।आयोजक महेश सिंह चौहान ने बताया कि गांव में पिछले 22 वर्षों से दीपावली पर जागरण की परंपरा निभाई जा रही है। मंगलवार सुबह भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने खीर, पूड़ी, लड्डू और हलवे का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। लाल गुलाल उड़ाते हुए सैकड़ों श्रद्धालु शारदा नहर के रहीमाबाद स्थित घाट पहुंचे, जहां मां लक्ष्मी, भगवान गणेश और कार्तिकेय की प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया गया।इस अवसर पर प्रशासक ललिता देवी, इंद्रासन सिंह, मुन्ना, जगत नारायण, कैलाश, रामदुलारे और अवध सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

भारी वाहन की टक्कर से मां व मासूम की मौत, तीन घंटे जाम रहा लखनऊ मार्ग

निंदूरा, बाराबंकी। बड्डुपुर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को अज्ञात भारी वाहन की टक्कर से बाइक सवार मां और उसके छह माह के मासूम बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों ने बाबा कुटी तिराहे पर सड़क जाम कर दिया। करीब तीन घंटे तक आवागमन बाधित रहा।लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र के दनियां गांव निवासी अनिल कुमार सोमवार को पत्नी पूनम (30) और छह माह के बेटे के साथ बड्डुपुर क्षेत्र में अपनी मौसी के घर आए थे। मंगलवार को तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। बाबा कुटी तिराहे के पास लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर अज्ञात भारी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे पूनम और उनका बेटा सड़क पर गिरकर वाहन के पहियों के नीचे आ गए। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।हादसे से आक्रोशित परिजनों ने वाहन और चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम लगा दिया। सूचना पर एएसपी विवेक त्रिपाठी, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, सीओ शक्ति सिंह समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ। एसडीएम ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों की मदद से दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। पुलिस ने मां-बेटे के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

कार-बाइक की भिड़ंत, महिला की मौत, बेटा-बेटी घायल

मसौली बाराबंकी। मसौली थाना क्षेत्र में कल्याणी नदी के पास मंगलवार सुबह करीब 11 बजे कार और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार 51 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा और बेटी घायल हो गए। दोनों को सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया है।सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चंदवारा निवासी मो. जबीर की पत्नी किस्मत जहां (51) अपने बेटे मिस्बाह उल (21) और बेटी रुऐयदा बानो (18) के साथ बाइक से वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। कल्याणी नदी के पास रामनगर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही कार (यूपी 32 क्यूवी 3727) ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे के नीचे जा गिरे।हादसे में किस्मत जहां के सिर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने तीनों घायलों को सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया, जहां से महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

टिकट मांगने पर टीटी से मारपीट और अभद्रता बाराबंकी में उतारे गए आरोपी यात्री

बाराबंकी। सफदरगंज रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन में टिकट चेकिंग के दौरान बिना टिकट यात्रियों ने मुख्य टिकट निरीक्षक धर्मेंद्र यादव के साथ अभद्रता और मारपीट की। टीटी मुगलसराय से लखनऊ जा रही ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात थे। टिकट मांगने पर यात्रियों ने उनके साथ विवाद करते हुए मारपीट शुरू कर दी।मुख्य टिकट निरीक्षक की सजगता से आरोपियों को बाराबंकी में ट्रेन से उतार लिया गया। डीआरएम के आदेश पर आरोपी यात्रियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जीआरपी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मोटर का स्विच ऑन करते ही करेंट की चपेट में आया किसान, मौत

बेलहरा, बाराबंकी। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के भिरिया गांव में दीपावली की शाम पानी की मोटर का स्विच ऑन करते समय करंट लगने से 35 वर्षीय किसान की मौत हो गई। हादसे से परिवार की दीपावली की खुशियां मातम में बदल गईं। गांव निवासी पवन मिश्रा खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। दीपावली की पूजा की तैयारियां चल रही थीं। इस दौरान स्नान करने के लिए पानी की मोटर का स्विच ऑन करते समय वह करंट की चपेट में आकर अचेत हो गए। चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पवन की मौत से पत्नी मंजू और चार बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

धरना-प्रदर्शन

बिसवां नगर (सीतापुर)। सरकार द्वारा गन्ना मूल्य में वृद्धि के विषय में कोई जानकारी नहीं उपलब्ध न करवाने को लेकर आक्रोशित किसानों ने किसान यूनियन के बैनर तले मिल गेट परधरनाप्रदर्शनकिया। उपजिलाधिकारी राहुल सिंह के आश्वासन के बाद किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन समाप्त हो गया। किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने गन्ना मूल्य 600 रुपये सहित मांगों को लेकर बिसवां चीनी मिल के गेट पर धरना प्रदर्शन कर रहे थे।

न्यायालय सूचना

सिविल जज सी.डी.एफ.टी.सी. कोर्टजिला रायबरेली उत्तर प्रदेश वाद स.टी 204/19,तारीख पेशी-18.11.2026 वादी प्रेमपाल सिंह,बनामश्रीमती गीता शर्मा उर्फ रानी चौधरी पत्नी स्व. श्री राधेश्याम शर्मा आदिकथित पत्नी प्रेमपाल सिंह सहदुल्लापूर लोधी जनपद पंचशील नगर ,हापुड़ वर्तमान नि. म. 30 विधिविहार तकरोही जिला लखनऊ प्रतिवादी चूँकि उप रिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफकिसी की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप सन् 2026 ई. के माह 11 दिवस 18 को दिन में 10 बजे पूर्वाह्न में इस न्यायलय में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 09.10.2026 को जारी की गयी। **मोहर सिविल जज सी.डी. एफ.टी.सी. कोर्ट,जिला रायबरेली**
न्यायाधीश